हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 मार्च 2025

12 भाजपा में शामिल हुई रतिया नपा प्रधान व उपप्रधान के खिलाफ...



12 ठेका कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन, अधिकारी से...




!! महायोगी गुरुगोरक्षनाथाय नमः !!
!! श्री बाबा मस्तनाथो विजयतेतराम !!



गोरक्ष स्वरूप सिद्ध शिरोमणि
बाबा मस्तनाथ जी महाराज




BABA MASTNATH UNIVERSITY ROHTAK
विधेयम् जन सेवनम्

सादर आमंत्रण

18वीं सदी से चली आ रही परम्परानुसार

## सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी

की पुण्य स्मृति में लगने वाला

तपस्वी रणपतनाथ योगी जी

तपस्वी मानधातानाथ योगी जी

# सालाना मेला व भण्डारा

दिनांक : 6, 7 व 8 मार्च, 2025

तदनुसार फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष : सप्तमी, अष्टमी, नवमी को मनाया जा रहा है।

इस बहुआयामी आध्यत्मिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अतः सभी महानुभाव, साधु-संत, योगी-संन्यासी, माता बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं श्रद्धालु, परिजन-पूरजन-स्वजन के साथ पहुँचकर मेले का आनन्द उठाएँ तथा बाबा जी की दिव्य कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करें।

श्रीयुत् श्रेयोनाथ जी महाराज

श्रीयुत् चाँदनाथ जी महाराज

मेले के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## विशाल भजन संध्या
दिनांक : 6 मार्च, 2025

## इनामी कुश्ती दंगल
दिनांक : 8 मार्च, 2025

कुश्ती दंगल के इनाम

पहला इनाम ₹ 1,51,000/-
दूसरा इनाम ₹ 1,00,000/-
तीसरा इनाम ₹ 51,000/-
चौथा इनाम ₹ 31,000/-

इसके अलावा और भी अन्य इनाम दिये जाएंगे।





शुभचिंतक - महंत बालकनाथ योगी

गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा) | कुलाधिपति-बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय | विधायक-तिजारा एवं पूर्व सांसद, अलवर व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा (राजस्थान)

MahantBalaknathyogiIndia @MahantBalaknath Mahant Balaknath Yogi https://bmu.ac.in

BMU BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak, Haryana, 124021, INDIA
www.bmu.ac.in
Email: registrarbmu@gmail.com

SBMN RESI. SAINIK SCHOOL
Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph : 9053066641/42
www.sbmnssrps.com

SBMN SCHOOL
Civil Road, Rohtak-124001
Ph : +91-1262-256267
www.smpsrohtak.com

## खबर संक्षेप

### सीएम राहत कोष की समीक्षा बैठक 7 को

**हिसार।** मुख्यमंत्री राहत कोष की समीक्षा बारे 7 मार्च को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में होगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत विभिन्न प्रकार की 25 गंभीर बीमारियों से ग्रस्त नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि बैठक में सरल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी।

### तिरुपति धाम में 9 मार्च को होली महोत्सव

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में 9 मार्च को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। धाम में होली महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। पूरे धाम को लडियों, झालर व रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया जाएगा। होली महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। इसके लिए फूलों का विशेष रूप से प्रबंध किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं को इत्र से सराबोर होने का भी अवसर मिलेगा। 9 मार्च को ही सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को होली के भजनों पर झूमने का मौका मिलेगा। जिसकी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### राजली में एक किसान की संदिग्ध मौत, केस

**बरवाला।** गांव राजली में बीती देर रात्रि खेतों में पानी लगा रहे एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर हिसार नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के भतीजे गांव राजली निवासी संजय के ब्यान पर इत्तफाकियां कार्रवाई अमल में लाई है। जांच अधिकारी एएसआई कर्मबीर ने बताया कि गांव राजली निवासी किसान महाबीर (44) अपने भतीजे संजय के साथ खेत में पानी लगाने गया था। जब महाबीर खेत में पानी लगा रहा था और उसका भतीजा संजय थोड़ी सी दूरी पर ही पानी संभालने गया था। जब संजय पानी संभाल कर वापिस आया तो महाबीर नाले में औधे मुंह गिरा पड़ा था और बेहोश था।

### स्वास्थ्य विभाग ने 18,402 लोगों की मलेरिया जांच की

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग मलेरिया रोग को लेकर सजग है। इसी कड़ी में पिछले महीने भी जिलेभर में एक खास अभियान चलाकर सैंपलिंग ली गई। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि फरवरी माह के दौरान जिले में 18 हजार 402 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई।

### बरवाला में मनाया लाइनमैन व सुरक्षा दिवस

**बरवाला।** बिजली निगम बरवाला के प्रांगण में लाइनमैन व सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसमें सभी बिजली कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कर्मचारी वक्ताओं ने कर्मचारियों को लाइन पर काम करने से संबंधित सुरक्षा के बारे में संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी जोजो तनेजा ने बिजली के क्षेत्र में सराहनीय काम करने वाले कर्मचारियों को प्रंशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## शाह सतनाम कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# विद्यार्थियों ने 20 खेल स्पर्धाओं में प्रतिभा का किया प्रदर्शन

### 1500 मीटर रेस में रोहित ने प्रथम, योगेश ने द्वितीय व सुमित ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय महोत्सव छात्रों में खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कॉलेज की छह हाउस की टीमें विभिन्न 20 खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य रिटायर्ड कर्नल नरेंद्रपाल सिंह तूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मार्चपास्ट से हुई। छात्रों ने अनुशासन और जोश के साथ मार्च पास्ट किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहन किया। खेल महोत्सव का शुभारम्भ 1500 मीटर रेस के साथ के साथ हुआ। जिसमें एनसीसी के खिलाडी रोहित ने प्रथम, योगेश ने द्वितीय व सुमित ने तृतीय स्थान हासिल किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष अमित ने बताया कि इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, डॉज बॉल सहित अन्धा झोटा,डले का निशाना जैसे ग्रामीण खेल भी रखे गए हैं। इस अवसर पर कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. शशि आनंद, स्पोट्र्स इंचार्ज अजमेर सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुमित सिंगला, डॉ. बाबुलाल, हरचरण सिंह, अशोक, योगेश सहित सभी सहायक प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।



**सिरसा।** प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*



**सिरसा।** प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### चौ. देवीलाल विवि में संस्कृत प्रतियोगिता का किया आयोजन

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी तथा अंतर्विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संस्कृत प्रतियोगिता में भाषण, श्लोकाचारण व प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं करवाई गई। विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की शास्त्री प्रथम वर्ष की छात्रा चेतना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में आरजू, सुनीता, लक्ष्मी ने सांत्वना पुरस्कार व श्लोकोचारण में संदीप ने भी सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले व स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान आरपी शर्मा, कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया व सचिव सुरेश वत्स ने बधाई व शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सब अध्यापकों व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लग्न का परिणाम है।

# एआई के महत्व के बारे की चर्चा

- राजकीय नेशनल महाविद्यालय में मेरे भारत के युवा थीम पर एनएसएस शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में मेरे भारत के युवा थीम पर आधारित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा. हरविंदर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलसचिव डा. राजेश बंसल ने किया। इस मौके पर डा.राजेश बंसल ने कहा कि सभी स्वयंसेवी इस सात दिवसीय शिविर में जो कुछ भी सीखेंगे उन्हें उसे अपने जीवन में भी अपनाना चाहिए। उन्होंने आज के युग में प्रचलित एआई के महत्व के बारे में भी चर्चा की। डा. राजेश बंसल ने कहा कि इस सात दिवसीय कैंप में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवी बहुत सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इस कैंप के माध्यम से अपना सर्र्वांगीण विकास करने का अवसर हासिल हो रहा है। प्राचार्य प्रो. हरजिन्दर सिंह ने सभी स्वयंसेवियों के उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की। इस अवसर पर नव-पदोन्नत प्राचार्य डा. विक्रम बांसल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रामजीत शर्मा, डा. इन्दिरा जाखड़, सन्दीप कुमार, डा. राम कुमार, डा. मन्जू कम्बोज, डा. रमेश सोनी इत्यादि आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** एनएसएस कैंप में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

## ओलावृष्टि से तबाह फसलों का दिया जाए मुआवजा: डा. इंदौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- ओलावृष्टि में कई किसानों की फसलें हुई खराब

पूर्व सांसद डा. सुशील इंदौरा ने प्रदेश के कई जिलों में हुई भारी ओलावृष्टि को देखते हुए सरकार से तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। जारी बयान में पूर्व सांसद ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में बीते दिनों ओलावृष्टि हुई, जिससे किसानों की गेहूं, सरसों, सब्जी की शत-प्रतिशत फसलें खराब हो गई है। डा. इदौरा ने कहा कि एक तो किसान पहले ही फसलों के भाव न मिलने से कर्ज की मार झेल रहा है। किसान लंबे समय से एमएसपी गारंटी कानून सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। अब बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि ने किसानों के अरमानों पर पूरी तरह पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार फसलों के अनुकूल मौसम था और फसलें भी अच्छी थी, जिससे किसानों को अच्छी पैदावार होने की उम्मीद थी, लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। पूर्व सांसद ने कहा कि जब-जब प्राकृतिक आपदा आती है तो सरकार एवं अधिकारियों द्वारा विशेष गिरदावरी करवाकर तुरंत मुआवजे की घोषणाएं की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दिया जाता है।

### किसानों की गिरफ्तारी पर की कड़ी निंदा

**रतिया।** आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार द्वारा किसान नेताओं की गिरफ्तारी की भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी, राज्य कमेटी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पार्टी के राज्य सचिव तजिन्द्र सिंह रतिया ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब ईकाई ने 5 मार्च को चण्डीगढ़ में किसानों की मागों को लेकर धरना देना था, जोकि शातिपूर्वक चलना था। किसानों की मांगों को मानने की बजाय पंजाब की मान सरकार तानाशाही रवैया दिखा रहा है। मंगलवार सुबह से किसानों की गिरफ्तार किया जा रहा है। किसानों के घरों में छापेमारी की जा रही है। पंजाब सरकार किसानों पर अत्याचार कर लोकतंत्र का गला घोंट रही है।

# नेजियाखेड़ा में मेगा कैंप आयोजित

- कर्मचारियों ने अपनी-अपनी स्टॉल लगाकर आमजन को अपने विभागों द्वारा दी जा रही योजनाओं से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जिला के गांव नेजियाखेड़ा में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में सभी विभागों के कर्मचारियों द्वारा अपनी-अपनी स्टॉल लगाकर आमजन को अपने विभागों द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने अपने विभागों से संबंधित कार्य जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड बनाना, सौर ऊर्जा के बारे में बताना, बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों का निदान करना, नागरिक अस्पताल की टीम द्वारा स्वास्थ्य की जांच करना व वन विभाग द्वारा पौधों को वितरित करना इत्यादि कार्य किए। कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हेल्प डेस्क भी लगाया गया, जिसमें अधिवक्ता पैनल अधिवक्ता सुनीता शर्मा, रामबीर सिंह पिपल व एलएडी एसीसटेंट देवेंद्र कौर व जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता गौरव शर्मा ने वहां मौजूद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में बताया। उन्होंने आमजन को बताया कि नालसा टोल फ्री नंबर किसी प्रकार की मुफ्त कानूनी सहायता ले सकता है।



**सिरसा।** मेगा कैंप में एक दिव्यांग बच्चे का स्वास्थ्य जांच करती टीम।

# फायर कर्मियों ने इंचार्ज को सौंपा ज्ञापन

- लम्बे समय चल रही समस्याओं के समाधान की मांग
- वर्ष 2022 में 19 से 29 अक्टूबर तक राज्यव्यापी हड़ताल हुई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

अग्निशमन कर्मचारी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर फायर इंचार्ज को फायर अधिकारी को मंत्री विपुल गोयल के नाम ज्ञापन सौंपा। यूनियन के अध्यक्ष राजेश खिचड़ ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों का समाधान काफी लम्बे समय से नहीं हो पा रहा है। अनेक बार नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व सरकार के बीच वार्ता हुई है और सभी वार्ताओं में सरकार ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। संघ के तत्वावधान में पालिकाओं, परिषदों, निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने वर्ष 2022 में 19 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक 11 दिन की राज्यव्यापी हड़ताल हुई और हड़ताल के दौरान 29 अक्टूबर को संघ व सरकार के मध्य चण्डीगढ़ में वार्ता हुई है और कई अहम मांगों पर फैसला हुआ। इस फैसले में सरकार ने अग्निशमन के कर्मचारियों की 58 वर्ष तक नौकरी की गारन्टी देने, जोखिम भत्ता 5000 रूपये देने, डीएमसी को पावर देने सहित अन्य कई मांगों पर फैसला हुआ, लेकिन फैसला होने के बाद भी आज तक किसी भी मानी गई मांग का सरकार ने पत्र जारी नहीं किया। तत्कालीन निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों के समाधान हेतु जल्द ही मुख्य मंत्री के साथ जल्द बैठक करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक मांगों के पत्र जारी नहीं हुए।



**सिरसा।** फायर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर यूनियन के महासचिव सुखदेव सिंह, रानियां से ब्लॉक प्रधान गुरमेल सिंह, ऐलनाबाद से ब्लॉक प्रधान रणवीर फगोडिया, सुरेन्द्र खिचड़, डबवाली से सूरज, सिरसा से रोहताश मेहरिया, राजकुमार जाखड़, अनिल, सन्नी, बुटर बादशाह, एसकेएस से मदनलाल खोथ, रमेश सैनी सचिव, रिटायर कर्मचारी संघ से अशोक पटवारी, निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिटी फोटोस्टेट संचालक से 95800 रुपये लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- पुलिस ने आरापियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

शहर के हुडा चौकी के निकट बीती रात सिटी फोटोस्टेट के संचालक से करीब 95 हजार 800 रुपये मोटरसाइकिल सवार लोगों ने लूट लिए। दुकान संचालक अपने घर लौट रहा था और तीन बदमाश उसका बैग छीनकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-20 पार्ट निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी सिटी फोटोस्टेट के नाम से पुराना बस अड्डा पर दुकान है। वह सोमवार रात करीब पौने 9 बजे अपनी स्कूटी पर सवार होकर दुकान से घर के लिए चला था। उसके पास एक बैग था, जिसमें 95 हजार 800 रुपए थे। एक छोटे बैग में दवाइयां थी। देवेंद्र कुमार ने बताया कि जब उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी की ही थी, इतने में ही तीन युवक मोटरसाइकिल पर पीछे-पीछे आए। इन युवकों ने अपने मुंह कपड़े से ढके हुए थे। तीन युवकों में से एक युवक तेजी से मोटरसाइकिल से नीचे उतरा। दो लड़के मोटरसाइकिल को स्टार्ट किए हुए उसी पर बैठे रहे। युवक ने आते ही उसके गले में लटके बैग पर दोनों हाथों से झपटा मारा। इससे बैग की तनी टूट गई और युवक बैग छीन ले गया। पुलिस ने आरापियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 'चौपाल हरियाणवीं' की वेब सीरिज में नजर आएंगे एमएम कॉलेज के विद्यार्थी

- कॉलेज में सेमिनार आयोजित क्षेत्रीय सिनेमा में पहचान बनाने के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नोहर मैमोरियल कॉलेज फतेहाबाद के संगीत, थियेटर में चौपाल हरियाणवीं के सौजन्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर चौपाल हरियाणा से नितिन गुप्ता, मुख्य कंटेंट ऑफिसर, विनय लाठर कंटेंट मैनेजर तथा अनुज शर्मा ने भाग लिया। एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को चौपाल हरियाणवीं से परिचित करवाया तथा क्षेत्रीय सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के लिए उनकी प्रतिभा को निमंत्रण दिया। इसके अलावा उन्होंने चौपाल एप्प पर चल रही वेब सीरिज, मूवीज, शॉर्ट मूविज इत्यादि की झलक भी दिखाई गई और नई प्रोडक्शनस के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने लिखने वाले, गाने वाले और अभिनय के क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को चौपाल हरियाणवीं से जुड़ने का निमंत्रण भी दिया।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में 'चौपाल हरियाणवीं' टीम को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास। *फोटो: हरिभूमि*

# विधायक शीशपाल ने बजट सत्र के लिए सीएम को भेजा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- कालांवाली के लिए आवश्यक मांगों को सुझावों के तौर किया प्रस्तुत

कालांवाली के कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने मंगलवार को हरियाणा सरकार की ओर से 7 मार्च को वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले बजट सत्र के लिए कालांवाली के लिए आवश्यक मांगों को सुझावों के तौर पर पत्र लिखकर मुख्यमंत्री हरियाणा को भेजा है। विधायक शीशपाल केहरवाला ने अपने मांगपत्र में मुख्यमंत्री हरियाणा से आशा की है कि वे कालांवाली हलके के संपूर्ण विकास के लिए उन द्वारा भेजे गए सुझावों व मांगों पर अमलीजामा पहनाकर हलकावासियों के कल्याण का काम करेंगे। विधायक शीशपाल केहरवाला ने हलके के विकास और हलकावासियों के कल्याण के लिए जिन प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया है उनमें सिंचाई के लिए रंगा से घग्घर के पानी के लिए कनाल की व्यवस्था, कालांवाली के लिए सब डिवीजन और कोर्ट कांप्लेक्स का भवन निर्माण, कालांवाली शहर में खेल व खिलाडिय़ों के विकास के लिए स्टेडियम का निर्माण, कालांवाली के बच्चों के लिए ब्वॉयज कॉलेज की स्थापना, कालांवाली क्षेत्र के विकास के लिए 10 करोड़ रुपयों की मंजूरी, रोड़ी को उपतहसील का दर्जा बनाकर ब्लॉक बनाना, नशे की रोकथाम के लिए विशेष सुरक्षाबल आदि मांगे शामिल है।

# धांगड़ में मकान के ताले टूटे, गहने व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

गांव धांगड़ में चोर ने एक मकान के ताले तोडक़र वहां से हजारों की नकदी व गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही सदर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धांगड़ निवासी अजय कुमार ने कहा है कि वह पंचायती राज कार्यालय फतेहाबाद में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत है। गत दिवस वह अपने मकान को ताला लगाकर किसी काम से गया था। कुछ दिन अब जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके मकान के बाहर के गेट का ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर गया तो अंदर कमरे का ताला भी टूटा पड़ा था और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। जब उसने सामान को चैक किया तो पाया कि अज्ञात चोर कमरे में रखी अलमारी एक सोने की चैकन, 7 हजार रुपये की नकदी, चांदी की पाजेब, एक एलईडी व अन्य सामान गायब था। जब उसने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो पाया कि अलसुबह करीब 4 बजे एक युवक उसके मकान में घुसा और ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

### डीजी ने पॉलिटेक्निक का किया दौरा

**हिसार।** तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, शौचालय, कार्यालयों और छात्रावास सहित विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया। उनका यह दौरा संस्थान की संरचना का मूल्यांकन करने और शिक्षकों व छात्रों द्वारा उठाए गए मुद्दों को समझने के उद्देश्य से किया गया। प्राचार्य सुनील कुमार ने संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के साथ मिलकर महानिदेशक का स्वागत किया। प्रभजोत सिंह ने संकाय सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं व सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना।

## रंगमंच के छात्रों के सीखने के अनुभव को समृद्ध करना उद्देश्य

# बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स थिएटर पर कार्यशाला

- सिनेमा की दुनिया और थिएटर के साथ इसके अंतरसंबंध को समझने के इच्छुक महत्वाकांक्षी थिएटर कलाकारों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रंगमंच के छात्रों के सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल में, बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स थिएटर कोर्स यूएसजीएस, सीडीएलयू सिरसा द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए यूएसजीएस के डीन प्रोफेसर सुशील कुमार ने बताया कि बॉलीवुड फिल्म उद्योग के एक प्रतिष्ठित सहायक निदेशक राकेश पूनिया ने इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सिनेमा की दुनिया और थिएटर के साथ इसके अंतरसंबंध को समझने के इच्छुक महत्वाकांक्षी थिएटर कलाकारों ने भाग लिया। इस व्याख्यान में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था जहाँ छात्रों को अनुभवी पेशेवर से सवाल पूछने और कैरियर संबंधी सलाह लेने का अवसर मिला।



**सिरसा।** कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### राकेश पूनिया ने अपने अनुभव को साझा किया

राकेश पूनिया ने कई बॉलीवुड परियोजनाओं पर काम करने के अपने विशाल अनुभव के साथ, फिल्म निर्देशन, कहानी कहने और सफल फिल्मों के निर्माण के पीछे की रचनात्मक प्रक्रिया की बारीकियों पर अमूल्य ज्ञान विद्यार्थियों से सांझा किया। उन्होंने फिल्म निर्माण में स्टेजक्राफ्ट के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे थिएटर में बुनियादी कौशल सिनेमा में कहानी कहने के लिए एक निर्देशक के दृष्टिकोण को बढ़ा सकते हैं। सत्र के दौरान पूनिया ने छात्रों को वास्तविक जीवन के उदाहरणों, पर्दे के पीछे के किस्सों से जोड़ा और उद्योग के भीतर अपनी यात्रा को सांझा किया। छात्र विशेष रूप से रंगमंच और सिनेमा के बीच तालमेल और मंच या स्क्रीन के लिए एक कथा को आकार देने में निर्देशकों की भूमिका पर उनके दृष्टिकोण से मोहित हो गए।

**खबर संक्षेप**

## दुकान से नकदी व चांदी के सिक्के चोरी, केस




**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक दुकान में घुसकर गल्ले में रखी हजारों रुपये की नकदी व 200 ग्राम चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भाटिया नगर टोहाना निवासी जगदीश कुमार ने कहा है कि उसकी चण्डीगढ़ रोड पर पंजाब नेशनल बैंक के पास गणपति ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से दुकान है। गत दिवस वह दुकान से कुछ दूरी पर लघुशंका के लिए गया था। थोड़ी देर बाद जब वह वापस दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान का गल्ला टूटा हुआ था और उसमें रखी करीब 41 हजार रुपये की नकदी, 20 चांदी के सिक्के गायब थे। इस पर उसने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो पाया कि मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और उसकी दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस पर उसने पहले आसपास युवकों की तलाश की लेकिन जब उनका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### क्रेसंट स्कूल रतिया में एनुअल फिएस्टा-2025 नवरंग का आयोजन

# बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनकर समाजसेवा करने का दिया संदेश

- विद्यालय ने अपना पहला न्यूजलेटर 'द क्रेसेंट वाइब्रेशंस' का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया





**रतिया।** क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सहनाल रोड स्थित क्रेसंट पब्लिक स्कूल रतिया में एनुअल फिएस्टा 2025 नवरंग में स्कूल के नौ रंगों को दर्शाया गया। कार्यक्रम को छात्रों व शिक्षकों ने अभिभावकों के लिए मनोरंजन व आनंद के एक अविस्मरणीय दिवस के रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर को नौ रंगों की सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा माहौल और भी उत्सवमय बन गया।

इस अवसर पर विद्यालय ने अपना पहला न्यूजलेटर 'द क्रेसेंट वाइब्रेशंस' का विमोचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना से की जिससे सारा माहौल भक्तिमय हो गया। कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों ने एनवायरनमेंट थीम की प्रस्तुति देते हुए जंगल व जंगल में रहने वाले प्राणियों को दर्शाया।

इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने पेड़-पौधों के साथ शेर, मेंढक और जंगली जीवों के रूप में नृत्य की प्रस्तुति दी। एजुकेशन एम्पावरमेंट की प्रस्तुति में बच्चो ने दर्शाया कि अच्छी पढ़ाई-लिखाई करके एक अच्छे इंसान बनने के साथ साथ जीवन में डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक आदि पदों पर पहुंचकर समाज की सेवा कर सकते हैं। ये सब शिक्षा के द्वारा ही संभव है। देशभक्ति थीम पर आधारित नृत्य ने सभी को देशभक्ति की भावनाओं से भावविभोर कर दिया। अच्छी सेहत को बढ़ावा देने का संदेश देने के लिए कक्षा चौधी के बच्चों ने योगा के बहुत अच्छे-अच्छे आसन, पिरामिड और योगा करते हुए एक चलते हुए रथ का दृश्य दिखाया। बच्चों ने भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए गुजराती, हरियाणवी, भांगड़ा का एक ऐसा तालमेल बिठाया कि सभी जोर-जोर से तालियां बजाने लग गए। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने हिन्दी पंजाबी और हरियाणवी में गाना गाकर एक ऐसा समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में पिता ने अपनी बेटी व माता ने अपने बेटे के साथ एक प्रस्तुति देकर एनुअल फिएस्टा में चार चांद लगा दिए। विद्यालय द्वारा सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय का यह मानना है कि इस प्रकार के आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन होते हैं बल्कि विद्यार्थियों में सामंजस्य एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं। इससे विद्यार्थियों में विभिन्न प्रकार की कौशलता को सीखने एवं निखारने का अवसर भी मिलता है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में चोरीशुदा मोटरसाइकिलों सहित पकड़े गए युवक।

# चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित दो युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए जाखल पुलिस ने पंजाब के दो युवकों को 6 चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पकड़े गए युवकों की पहचान दर्शन सिंह पुत्र अमरीक सिंह व निर्मल सिंह उर्फ निम्मा पुत्र बलकार सिंह निवासी निवासी आदकवास लहरां, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 6 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। थाना जाखल प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 फरवरी को जाखल के गांव भूरथली निवासी गोविंदा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर माया पैलेस, जाखल में आयोजित शादी में गया था। पैलेस के बाहर से अज्ञात चोर उसका मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में जाखल पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एएसआई श्रवण कुमार ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दोनों युवकों को जाखल के बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर इनके पास से 6 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिए है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए बाइक चोरी करते थे। पुलिस ने आसपास के थानों को भी इस बारे में सूचित कर दिया है। एएसआई श्रवण कुमारी की टीम मामले की गहन जांच कर रही है।

# कनाडा भेजने के नाम पर फतेहाबाद के युवक से 32 लाख ठगे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

कनाडा भेजने के नाम पर जिले के गांव अहलीसदर निवासी एक युवक से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। तीन लोगों ने उसे कनाडा भेजने के नाम पर उससे 32 लाख रुपये हड़प लिए और विदेश नहीं भेजा। पीड़ित ने जब पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उसका नाम लिखकर आत्महत्या करने तक की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है

पुलिस को दी शिकायत में गांव अहलीसदर निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि सैक्टर-38डी, चण्डीगढ़ निवासी गुलशन चौहान को काफी समय से जानता था और उसका गुलशन के साथ आना-जाना था। गुलशन ने उससे कहा कि गर्वित त्यागी निवासी ट्रांसलाम पब्लिक स्कूल कालोनी, मेरठ उसका पुराना दोस्त है और उन्होंने लोगों को विदेश भेजने का काम शुरू किया है। इस पर सुरेश ने भी विदेश जाने की इच्छा जताई तो गुलशन ने उसकी गर्वित से बात करवाई। इन लोगों ने उसे कनाडा भेजने के नाम पर 30 लाख रुपये तथा जरूरी दस्तावेज मांगे। गुलशन के पिता बीआर चौहान ने भी उसे विदेश भेजने का आश्वासन दिया और विदेश न भेजने पर पैसे वापस करने की गारंटी दी। सुरेश ने कहा कि इसके बाद उसने गुलशन व गर्वित को गांव अहलीसदर बुलाया। उसने 4 लाख 90 हजार रुपये गुलशन को पहले दिए हुए थे जबकि 15 लाख रुपये नकद दे दिए। कुछ दिन बाद उसने गुलशन को फतेहाबाद बुलाकर इकरारनामा लिखवा लिया और उसे 8 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उसने बकाया 2 लाख 10 हजार रुपये गर्वित के खाते में ट्रांसफर करवा दिए। इसके बाद भी आरोपियों ने थोड़ा-थोड़ा करके उसे 2 लाख 33 हजार रुपये ओर ले लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने सुरेश का जब कनाडा का वीजा नहीं लगाया तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। सुरेश ने कहा कि आरोपी न तो उसके पैसे लौटा रहे हैं और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहे हैं। पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। जब उसने गुलशन के पिता को फोन किया तो उसने पैसे मांगने पर उसका नाम लिखकर आत्महत्या करने की धमकी दी। इस पर पीड़ित व्यक्ति ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

# पुलिस ने चोरी के मामले में दो को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने डीएसपी रोड स्थित चाय की दुकान से गैस सिलैण्डर चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सतीश पुत्र रमेश व सुमित पुत्र नवीन निवासी बनगांव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरीशुदा गैस सिलैण्डर को बरामद किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 2 मार्च को भीमा बस्ती, फतेहााबद निवासी नंदलाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी एसवीएम स्कूल के पास चाय की दुकान है। जब वह चाय देने गया था तो पीछे से दो युवक उसकी दुकान में घुसे और वहां से गैस सिलैण्डर चोरी कर ले गए हैं। इस बारे सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एचसी प्रवीन कुमार ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर इनके पास से सिलैण्डर को बरामद किया।



**फतेहाबाद।** चोरीशुदा सिलैण्डर सहित पकड़े गए दोनों युवक।

# खालसा त्रिशताब्दी कॉलेज में संचार कौशल विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

खालसा त्रि-शताब्दी राजकीय महाविद्यालय, रतिया में चल रहे एसएसएस के सात दिवसीय कैम्प के चौथे दिन स्वयंसेवको को प्रो. सुनील वर्मा ने संचार कौशल विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि संचार हमारे जीवन का आधार है। संचार के बिना दुनिया का अस्तित्व ही नहीं है।

यह हमें अपने विचारों, भावनाओं और आवश्यकताओं को दूसरों के साथ साझा करने में मदद करता है। एक अच्छा संचार कौशल हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है, चाहे वह व्यक्तिगत हो या पेशेवर। यह हमें अपने संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करता है और हमें अपने समुदाय में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि बगैर संचार कौशल के हम अपनी खुद की भावनाओं/विचारों/ को सही से नही प्रस्तुत नही कर सकते। आज जितने भी स्वयंसेवक एनएसएस से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने समाज में बहुत योगदान दिया है, चाहे बात साफ-सफाई को हो, प्रौढ़ शिक्षा की हो, रक्तदान की हो, नशे के विरुद्ध समाज में जागरूकता फैलाई हो, ये सब महान कार्य आपके संचार कौशल से ही सम्भव हो सका है। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट प्रथम के इन्चार्ज प्रो. कृष्ण लाल व द्वितीय के इन्चार्ज प्रो. सुरेन्द्र सभरवाल उपस्थित रहे।



**रतिया।** एनएसएस कैम्प में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**रतिया।** वकीलों का आभार जताते बार प्रधान वेद कम्बोज। फोटो : हरिभूमि

# बार अध्यक्ष वेद कम्बोज ने वकीलों का जताया आभार

**रतिया।** बार एसोसिएशन रतिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वेद कम्बोज ने अपनी जीत की खुशी के बाद आज वकीलों का उनके चेंबर में जाकर आभार जताते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद किया। वेद कम्बोज ने कहा कि वकीलों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे तथा बार और बेंच के बीच आपसी तालमेल के साथ वकीलों को आ रही समस्याओं को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे7 उन्होंने कहा कि वकीलों की जितनी भी मांगे हैं, उन मांगों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष गगन गिल, सचिव विक्रम कंबोज, वित्त सचिव राधेश्याम मशाल, संयुक्त सचिव रविंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र ग्रोवर, उपेंद्र सैनी, एनडी शर्मा, रमेश कंबोज, विपिन चावला, मुकेश बत्रा, संजय जैन, विपिन मंगला, राजेंद्र सिंह, कमल सैनी सहित अन्य वकील मौजूद थे।

# जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने सामुदायिक केंद्र में लगाया दिव्यांग मूल्यांकन शिविर

- जरूरतमंद दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को मिलेंगे कृत्रिम उपकरण : सचिव
- 5 मार्च को किसान रेस्ट हाउस, टोहाना में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया।

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष मनदीप कौर के दिशा निर्देशानुसार जिला प्रशासन व जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भारत सरकार के कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड, मोहाली के सहयोग से जिला के दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ प्रथम चरण में कम्यूनिटी सेंटर रतिया में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस मूल्यांकन शिविर में लगभग 100 दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों की जांच की गई। रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने बताया कि मूल्यांकन शिविर में पात्र लाभार्थियों को उनकी जरूरत के हिसाब से सहायक उपकरण जैस तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कानों की सुनने वाली मशीन, बैशाखी, व्हील चेयर, फोल्डिंग वाकर, कमोड वाली कुर्सी तथा अन्य सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग जल्द ही निःशुल्क वितरण कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 5 मार्च को किसान रेस्ट हाउस, टोहाना में भी मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला के अब तक जो भी दिव्यांगजन वंचित रह गए हैं वे 5 मार्च को किसान रेस्ट हाउस, टोहाना में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।




**रतिया।** मूल्यांकन शिविर में भाग लेते दिव्यांगजन।

# महिला कॉलेज में साहित्यकार रेणु की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

**रतिया।।** शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु के जन्मदिवस पर साहित्य में आचंलिकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' हिन्दी साहित्य परिषद् हिन्दी विभाग द्वारा गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य परमजीत संधा व विभागाध्यक्ष प्रो सुरेन्द्र शर्मा के संयोजन में करवाया गया।? वक्ता के रूप में छात्रा ज्योति रानी स्नातकोत्तर हिन्दी अंतिम वर्ष ने रेणु की आंचलिकता पर विचार रखते हुए कहा कि फणीश्वरनाथ रेणु हिंदी साहित्य में आंचलिकता के प्रवर्तक हैं। उन्होंने अपने उपन्यासों और कहानियों में भारतीय ग्रामीण जीवन, लोकसंस्कृति, बोली-बाणी और जनजीवन को अत्यंत प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत किया। उनके प्रसिद्ध उपन्यास मैला आँचल में बिहार के पूर्णिया क्षेत्र की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थितियों का जीवंत चित्रण मिलता है। उनकी आंचलिक शैली ने बाद के लेखकों को भी प्रेरित किया, जिससे हिंदी साहित्य में स्थानीयता, ग्रामीण परिवेश और जनसामान्य के संघर्षों को अधिक महत्व मिला। छात्रा अनु रानी स्नातकोत्तर हिन्दी प्रथम वर्ष ने रेणु के साहित्यक जीवन पर विचार रखे और छात्रा पुजा रानी स्नातकोत्तर हिन्दी प्रथम वर्ष ने रेणु के लेखन का हिन्दी साहित्य पर प्रभाव पर विचार प्रस्तुत करें। विभागाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि फणीश्वरनाथ रेणु के साहित्य का हिंदी सिनेमा को गहरे स्तर पर प्रभावित किया। उनके उपन्यास मारे गए गुलफाम पर आधारित फिल्म तीसरी कसम (1966) राज कपूर और वहीदा रहमान अभिनीत एक क्लासिक फिल्म भी बनी। इस अवसर पर डॉ सैन कुमार, डॉ स्नेहलता, प्रो सर्बजीत कौर व स्नातकोत्तर हिन्दी की छात्राएं उपस्थित रही।

# गुरुकृपा मंडल के होली उत्सव में भजनों से माहौल भक्तिमय

- गणेश वंदना व गुरुवंदना से हुआ शुभारंभ

**फतेहाबाद।** बांके बिहारी महिला मंडल की से बांके बिहारी मंदिर में होली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मंडल के सभी सदस्यों ने ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद टी सीरीज कलाकार भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरुवंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उसके बाद सुनीता खन्ना ने सुंदर सुंदर भजनों से माहौल को भक्ति के रंगों से सरोबार कर दिया। उसके बाद ममता मेहता ने राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, बिन पिए नशा हो जाता है, अपने भावों से श्री ठाकुर जी को रिझाया। उसके बाद भारत टुटेजा ने बांके बिहारी की महिमा का गुणगान किया और सुंदर-सुंदर भजन राधा रानी कृपा कीजिये, बांके बिहारी से मिलना बड़ा जरूरी, बिहारी जी तो मेरे है मेरे है बस मेरे हैं, आदि भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। महिला मंडल के सभी सदस्यों ने गुरु कृपा मण्डल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुनीता खन्ना, सरोज, नीरू, ममता, ऋचा, सोनिया, रजत मेहता, भारत मेहता आदि भक्तजन मौजूद रहे। बांके बिहारी का दरबार देखने योग्य था। इसके बाद आरती का सभी ने खूब आनंद लिया और प्रसाद वितरित किया गया।



**फतेहाबाद।** होली उत्सव में भजन प्रस्तुत करते भारत टुटेजा।

**शिविर** सात में से तीन का मौके पर किया समाधान

# समाधान शिविर में एडीसी अनुराग ढालिया ने सुनी लोगों को समस्याएं

एडीसी ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को निपटान के निर्देश दिये। मंगलवार को कुल 7 समस्याएं आई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया जबकि शेष समस्याओं के निवारण हेतू अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। जो पात्र व्यक्ति परिवार पहचान पत्र में त्रुटि होने की वजह से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे, समाधान शिविर के माध्यम से उनकी त्रुटियों को कर उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुने और उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। एडीसी ने जिला वासियों से आह्वान किया है कि सरकार द्वारा लगाए गए जा रहे समाधान शिविरों के माध्यम से अपनी शिकायतों का समाधान करवाएं और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ उठाएं। समाधान शिविर में आमजन प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, बिजली, पानी, सिंचाई, पारिवारिक विवाद आदि से संबंधित समस्याएं लेकर लोग पहुंच रहे हैं, जिसका समाधान करने के लिए जिला प्रशासन तुरंत कार्यवाही कर रहा है।




**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एडीसी अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जन औषधि केन्द्र पर लूट के चार आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र पर पिस्तौल के बल पर दुकानदार से हजारों की नकदी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के मानसा जिले के गांव कुलरिया निवासी बसाखा राम, जीता सिंह, संगरूर जिले के गांव बलरां निवासी गोरा तथा तोला बोला निवासी राजवीर के रूप में हुई है। डीएसपी उमेद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 फरवरी को पुराना मॉडल टाऊन टोहाना निवासी सौरभ मित्तल की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### 7 ग्राम 31 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल, सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव रघुआना क्षेत्र से एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 31 मिलीग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारीराजेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जसवंत सिंह उर्फ निक्का सिंह निवासी गांव रघुआना जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव रघुआना की तरफ जा रही थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी जब स्कूल के नजदीक पहुंची तो सामने गली से एक युवक पैदल चलकर आता हुआ दिखाई दिया।

### भैंस व 25 कटड़ों से भरा ट्रक पकड़ा

**सिरसा।** डिंग पुलिस ने सिरसा से फतेहाबाद की ओर जा रहे एक ट्रक को डिंग मोड पर रोककर उसमें से 32 भैंस व 25 कटड़ों को मुक्त करवाया। पुलिस ने ट्रक चालक व उसके दो साथियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। डिंग पुलिस को दी शिकायत में पीएसआई सिद्धार्थ धायल ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ गश्त पर थे कि किसी मुखबीर से ट्रक में पशुओं को ठूंस-ठूंस कर लादे जाने की सूचना मिली। जिस पर उन्होंने डिंग मोड पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान एक ट्रक आया, जिसकी जांच करने पर उसमें 32 भैंस व 25 कटड़े मिलें।

### मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पुनः हुआ शुरू

**सिरसा।** रबी 2024-25 फसलों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत किसान अपनी रबी फसलों का पंजीकरण करवा रहे हैं। अबतक जिला सिरसा के 98558 किसानों द्वारा 719503 एकड़ का पंजीकरण करवाया गया है। कृषि उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फसल पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। भविश्य में विभिन्न खाद जैसे यूरिया, डीएपी आदि की उपलब्धता के लिए भी मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने की आवश्यकता पड़ सकती है।

## एडीसी से मिले पार्षद, शपथ पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की रखी मांग

# भाजपा में शामिल हुई रतिया नपा प्रधान व उपप्रधान के खिलाफ 14 पार्षद लामबंद

### मनमाने रवैये का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीसी से मिलने पहुंचे रतिया के पार्षद। फोटो :हरिभूमि

रतिया नगरपालिका की प्रधान और उपप्रधान की कुर्सी पर खतरे के बाद मंडराने लगे हैं। प्रधान प्रीति खन्ना और उपप्रधान जोगिंदर नंदा के खिलाफ रतिया नगरपालिका के 14 पार्षद लामबंद हो गए हैं। प्रधान-उपप्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर रतिया के 14 पार्षदों ने मंगलवार को एडीसी अनुराग ढालिया से मिलने फतेहाबाद पहुंचे और शपथ पत्र देकर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जल्द बैठक बुलाने की मांग की।

रतिया नगरपालिका के 17 पार्षद हैं। प्रधान और उपप्रधान की कार्यशैली से खफा होकर करीब 15 पार्षदों ने इनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का आरोप है कि प्रधान व उपप्रधान को रतिया के विकास के लिए करोड़ों रुपये सरकार ने दिए लेकिन दोनों मनमाने रवैये के चलते पार्षदों के वार्डों में काम नहीं करवा रहे। मंगलवार को इनमें से 14 पार्षद उपायुक्त मनदीप कौर से मिलने फतेहाबाद पहुंचे। उपायुक्त के न मिलने पर इन्हें दोपहर बाद आने का समय दिया गया। दोपहर बाद उपायुक्त मनदीप कौर ने इन्हें अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया से मिलकर अपनी बात रखने को कहा। इसके बाद सभी 14 पार्षद एडीसी से मिले और प्रधान प्रीति खन्ना व उपप्रधान जोगिंदर नंदा के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी। इतना ही नहीं पार्षदों ने दोनों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। एडीसी ने सभी पार्षदों से शपथ पत्र लिए और इस बारे पूरी रिपोर्ट डीसी को देने की बात कही। पार्षद विजय गर्ग ने कहा कि उपप्रधान जोगिंदर नंदा को छोडक़र सभी 16 पार्षद उनके साथ हैं। दो पार्षद किसी कारणवंश आज आ नहीं सके। शपथ पत्र में वार्ड 5 के पार्षद प्रतिनिधि हैप्पी के भी हस्ताक्षर हैं लेकिन उपप्रधान जोगिंदर नंदा का दावा है कि यह दो पार्षद सहित ओर भी पार्षद उनके साथ है। वक्त आने पर सब पता चल जाएगा।

### सरकार ने दिए करोड़ों नहीं हुआ विकास : पार्षद

एडीसी के मिलने वाले पार्षदों में विजय गर्ग, अजमेर सिंह, गौरव शर्मा, अजय गुप्ता, सतपाल सिंह, गुरप्रीत गोपी, रेखा रानी, वीरपाल कौर, नीरू बाला, हरबंस कौर, पिंकी, गुरविंदर सिंह, धीरज कुमार सहित 14 पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने में असमर्थ है और वह नगर पालिका में अपना विश्वास खो चुके है इसलिए सभी पार्षद दोनों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते हैं। पार्षद विजय गर्ग ने आरोप लगाया कि अढ़ाई साल पूर्व वार्ड में विकास कार्य करवाने को लेकर वार्ड वासियों ने उन्हें पार्षद बनाया था लेकिन अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की मनमर्जी के चलते पिछले ढाई साल में वह अपने वार्ड में विकास कार्य करवाने में असमर्थ रहे हैं। इसके चलते सभी पार्षद दोनों के खिलाफ जिम्मेवारी का निर्वहन न करने के चलते अविश्वास प्रस्ताव लाने को मजबूर हुए हैं। इन पार्षदों ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से रतिया के विकास के लिए करोड़ों रुपए दिए गए। मगर इसके बावजूद शहर का बेहतर तरीके से विकास नहीं हो पा रहा है। वार्डों में पार्षदों द्वारा बताए गए काम भी नहीं हो पा रहे हैं। इसी कारण उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की है। डीसी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले में बैठक बुलाई जाएगी।

### पार्षदों के लिए प्रधान हटाना आसान नहीं

चुनाव के समय प्रीति खन्ना कांग्रेस में थी जबकि उनके जेठ हरबंस खन्ना इनेलो के शहरी प्रधान थे। बाद में हरबंस खन्ना पर आरोप लगा कि चुनाव में उन्होंने इनेलो के उम्मीदवार का समर्थन न करके अपने भाई की पत्नी को जितवाने में मदद की। इसके बाद हरबंस खन्ना को इनेलो ने पार्टी से निकाल दिया था लेकिन प्रीति खन्ना के चुनाव जीतने के बाद इनेलो ने हरबंस खन्ना को न केवल पार्टी में वापस लिया बल्कि पार्टी में उन्हें ऊंचे पद से भी नवाजा गया। प्रीति खन्ना के पति महेश खन्ना उर्फ कालू रतिया के कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह के खास मित्रों में से एक हैं। अब तक वह कांग्रेस में ही थे लेकिन अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। ऐसे में नहीं लगता कि पार्षद उन्हें पद से हटा पाएंगे।



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते अभय चौटाला।

## उपराष्ट्रपति आज विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे डिग्रियां

- माता हरकीदेवी कॉलेज में बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

चौ. देवीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के चेयरमैन अभय चौटाला बताया कि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज ओढां स्थित माता हरकीदेवी कॉलेज में दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे एवं विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे।अभय चौटाला सिरसा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह के बाद उपराष्ट्रपति जेसीडी विद्यापीठ में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की स्मृति में बनाए जाने वाले संग्रहालय का शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप को सिरसा में चलने वाले विभिन्न कॉलेजों की जानकारी दी तो उन्होंने स्वयं इन कॉलेजों में आने और वहां चलाए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कोर्सिज के सिलसिले में जानकारी लेने में रूचि दिखाते हुए उनका न्यौता स्वीकार किया था।

### जिला में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक जारी

- 83 परीक्षा केंद्रों पर 3800 से अधिक विद्यार्थियों ने दी 12वीं फिजिक्स व इकनॉमिक्स विषय की परीक्षा

सिरसा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं शांतिपूर्वक जारी है। मंगलवार को बारहवीं की फिजिक्स व इकनॉमिक्स विषय की परीक्षा हुई और किसी भी परीक्षा केंद्र पर यूएमसी संबंधी शिकायत नहीं मिली। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस कर्मी तैनात रहे। परीक्षा केंद्रों का संबंधित डीएसपी, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों के अलावा प्रश्न पत्र फ्लाइंग स्क्वायड,एसडीएम फ्लाइंग स्क्वायड व जिला शिक्षा अधिकारी फ्लाइंग स्क्वायड की टीमों ने जिलेभर के 39 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। आज 83 परीक्षा केंद्रों पर करीबन 3800 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की फिजिक्स व इकनॉमिक्स विषय की परीक्षा दी। जिला शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया ने बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक जारी है। मंगलवार को 39 परीक्षा केंद्रों का अलग-अलग फ्लाइंग स्क्वायड टीमों ने निरीक्षण किया।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़



**डबवाली।** सीआईए डबवाली व साइबर सेल की टीम ने अपने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर एक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी साबिर खान पुत्र मोहम्मद असमान व आबिद खान पुत्र अबदुल रजाक निवासी तिगांव थाना पुन्हाना, जिला नूंह को काबू करके आरोपियों के कब्जे से 8 चोरी शुदा बैटरी बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। इस संबंध में प्रभारी सीआईए स्टाफ डबवाली उप नि. राजपाल ने बताया कि दिनांक 31 जनवरी 2025 को रमेश कुमार मुंजाल निवासी अहमदपुर दारेवाला की शिकायत पर कि गांव बिज्जुवाली में डबवाली से ऐलनाबाद रोड पर उसका सुनील फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंप) है। जहां से किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके फिलिंग स्टेशन से 8 बैटरी चोरी करके ले जाने पर अभियोग दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साइबर सेल की सहायता से आरोपी साबिर खान व आबिद खान को काबू किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 8 बैटरी बरामद की गई है।

## हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज ने विधायक को सौंपा मांगपत्र

- विधायक ने मांग पत्र सीएम के पास भेजने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। विधायक को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी।

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज ने प्रदेश उपाध्यक्ष गुरदीप सैनी व जिला अध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर ऐलनाबाद हलके से कांग्रेसी विधायक भरत सिंह बैनीवाल को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने मांग पत्र तुरंत मुख्यमंत्री के पास भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उनके साथ अजीत सिंह रंगा, केवल कृष्ण सोनी, सुशील बागड़ी, राज सिंह सांगा, कुलवंत सिंह कारगवाल, अनिल कुमार शर्मा, इकबाल सिंह, सुभाष चंद्र, श्री राम निरणियां, कुलवंत सिंह, महेंद्र स्वामी, कृष्ण दहिया, हरजिंद्र सिंह भी मौजूद थे। गुरदीप सिंह सैनी ने कहा कि इन मांगों पर बातचीत के लिए कुछेक मांगों के लिए हरियाणा स्टेट पेंशनर्ज समाज 3 साल से आंदोलन कर रहा है और सभी विधायकों, सांसदों, कमिश्नर व सभी डीसी के मार्फत मुख्यमंत्री हरियाणा को ज्ञापन दे चुके हैं, परंतु आज तक किसी ने सुनवाई नहीं की और ना ही बातचीत के लिए प्रतिनिधिमंडल को बुलाया है। उन्होंने कहा कि पैंशनर्ज समाज मुख्यमंत्री हरियाणा से फिर अपील करता है कि पेंशनर्स की मांगों को जल्दी माना जाए।


### ये है प्रमुख मांगें

*पेंशनर समाज के महासचिव अजीत सिंह रंगा ने बताया कि पेंशनर की आयु 65 साल होने पर 5 प्रतिशत पेंशन में बढ़ोतरी की जाए, 70 साल पर 10 प्रतिशत पेंशन की बढ़ोतरी की जाए, 75 साल पर 15 प्रतिशत की पेंशन में बढ़ोतरी की जाए, 80 साल पर 20 प्रतिशत सरकार करती ही है। ऐसी बढ़ोतरी पंजाब सरकार और अन्य सरकारें कर रही हैं। सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल जल्दी लागू किया जाए। तत्कालीन मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कई बार मीडिया में बयान दिया था कि कैशलेस मेडिकल लागू कर दिया है, लेकिन अभी तक लागू नहीं हुआ है। मेडिकल भत्ता 1000 रूपए से 3000 रूपए किया जाए, कोरोना समय का 18 महीने का रोका हुआ मंहगाई भत्ता न्यायालय के आदेश अनुसार 6 प्रतिशत ब्याज के साथ दिया जाए। कॉम्यूटेशन की अवधि 15 साल से कोर्ट के आदेश अनुसार 10 साल ब्याज दर घट कर लगभग गुजरात सरकार ने भी कॉम्यूटेशनकी अवधि 15 साल से कोर्ट के आदेशानुसार 10 साल 8 महीने की जाए, क्योंकि बैंक की ब्याज दर घटकर लगभग 13 प्रतिशत से 7 प्रतिशत पर आ गई है। सभी पेंशनर्ज का कम्यूटेशन का काटा हुआ ज्यादा पैसा ब्याज सहित वापिस किया जाए, फैमिली पैंनशनर्ज को भी एल टी सी दिया जाए।*

## एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना



टोहाना। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं का सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को एसडीएम प्रतीक हुड्डा व डीएसपी उम्मेद सिंह ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने छात्रों और परीक्षा स्टाफ से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने अमानी, ललौदा व पारता के स्कूलों में परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा केंद्र में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल रहित माहौल में संपन्न करवाने के लिए पूरी सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है, और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है। भिवानी बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें भी गठित की गई है जो अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करेगी।

## जाखनदादी सड़क निर्माण पूरा न होने से छात्राएं परेशान, धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

- हर दिन धूल-मिट्टी से होकर कॉलेज जाने को मजबूर

जाखनदादी जाने वाली सडक़ का निर्माण कार्य पूरा न होने से गांव आने-जाने वाले लोगों के अलावा शहीद देवेन्द्र सिंह कॉलेज की छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष रवि रतिया ने प्रशासन से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की मांग की है। छात्र नेता रवि ने कहा कि गांव जाखन दादी पिछले कुछ महीनों से सडक़ का निर्माण रुका हुआ है जिससे गांव के आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही शहीद देवेंद्र सिंह कॉलेज की छात्राओं को भी परेशानी होती है। छात्राओं ने बताया कि वह हर दिन धूल-मिट्टी से होकर कॉलेज जाने को मजबूर है। यह एक दिन की समस्या नहीं, हर दिन उन्हें इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जाखनदादी की मुख्य सडक़ का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस समस्या को लेकर गांव के लोग कई बार प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं हुआ है। सिरसा लोकसभा से सांसद कुमार सैलजा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सडक़ का निर्माण पूरा करने के लिए अवगत करवाया गया लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं हुआ है। ऑल इंडिया एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष रवि रतिया ने निर्माण पूरा न होने से खफा होकर गांव के लोगों व कॉलेज की छात्राओं के साथ मिलकर एसडीएम ऑफिस के सामने धरना देने की चेतावनी दी है।

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला 17-18 मार्च को, फतेहाबाद से पहुंचेंगे किसान

**फतेहाबाद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17-18 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) आयोजित किया जाएगा। इस मेले में फतेहाबाद जिले से काफी संख्या में किसान भाग लेंगे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय कृषि में उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। मेले में आने वाले किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में उद्यमिता को बढ़ावा देने बारे में जानकारियां दी जाएंगी। कुलपति ने बताया कि इस मेले में विभिन्न बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने मेला ग्राउंड पर लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई खरीफ फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टिलाईजर के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

**समस्या** वेतन न मिलने के अटके काम, कर्मचारी आर्थिक व मानसिक रूप से हो रहे परेशान

# ठेका कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन, अधिकारी से मिला संघ प्रतिनिधिमंडल

### अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अधिकारी को मांग पत्र सौंपते नगरपालिका कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल।

शहर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने और डोर टू डोर कचरा उठाने वाले ठेका कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इससे इन कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों की इस समस्या को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल इकाई प्रधान विजय ढाका के नेतृत्व में नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर इन कर्मचारियों को जल्द वेतन का भुगतान करवाने की मांग की। अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान विजय ढाका ने बताया डोर टू डोर व ठेके पर लगे कर्मचारियों को पिछले 2 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे इन कर्मचारियों क आजीविका चलाना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की वार्षिक परीक्षा भी इसी महीने होने के कारण कर्मचारियों को स्कूल फीस व अन्य खर्चों का भुगतान भी करना अनिवार्य होता है लेकिन वेतन न मिलने से उनके सामने फीस भरने का संकट खड़ा हो गया है। इसके अलावा राशन वालों ने भी उधारी के चलते राशन देना बंद कर दिया है, जिस कारण कर्मचारी आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान है।

### कर्मियों के साथ हो रहा अन्याय : ढाका

*विजय ढाका ने कहा कि जो सफाई कर्मचारी पूरे शहर को साफ और कचरे से मुक्त करते हैं, उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ठेकेदार बार-बार ऐप से हाजिरी का कारण बताता है, जिस कारण वेतन देरी हो रही है। इसी कारण संघ लगातार ऐप से हाजरी का विरोध जताता रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ऐप्प पर फोटो से हाजरी लगाना चाहती है तो जो आए दिन सीवर की सफाई करते समय जब सफाई कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है वो फोटो भी अपलोड होनी चाहिए ताकि जानता को पता चल सके कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के जो आदेश है, मैनुअल शिक्वांजिग जिसे 2013 मे पूरे भारत में प्रतिबंध लगा है, हरियाणा सरकार उन आदेशों की अहवेलना कर रही है जिसे आए दिन मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल में राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड, ओम प्रकाश लोट, सत्यवान टांक, नरेश राणा, वीरू रति, राजा राम आदि कर्मचारी शामिल रहे।*

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुलिस की जांच जारी

- पुलिस ने एक्सीडेंट बताया तो परिजनों ने तीन दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे पर गांव खाराखेड़ी के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत होने का समाचार है। पुलिस जहां इसे सड़क हादसे से जोड़कर देख रही है वहीं मृतक युवक के परिजनों ने उसके तीन दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर फतेहाबाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल भेज दिया है।